तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 पितृपक्ष में बढ़ी कौवों की पूछ-परख, पितरों को भोजन देने की है धार्मिक मान्यता



खबर संक्षेप

राष्ट्रपिता और पूर्व पीएम की मनाई गई जयंती



बिजुरी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिजुरी के तत्वाधान में पूर्व विधायक सुनील सराफ की उपस्थिति मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस जन, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी गण, वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि गण, समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण, ब्लॉक कांग्रेस, नगर कांग्रेस, मण्डलम कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवा दल, किसान कांग्रेस, एन.एस.यू.आई. के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खड़गवां में आज जुटेगा जिला प्रशासन

बैकुंठपुर। छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा एमसीबी जिले में चलाए जा रहे गौरवशाली 'सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर के तहत 4 अक्टूबर को खड़गवां में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन होने जा रहा है।

आज 37 केन्द्रों में होगी राज्य पात्रता परीक्षा

बैकुण्ठपुर। छग कर्मचारी चयन मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा का आयोजन 4 अक्टूबर रविवार को किया जाएगा। बैकुंठपुर में परीक्षा के लिए 37 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां कुल 5,377 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से 11:15 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:15 बजे तक होगी। परीक्षा के व्यवस्थित संचालन के लिए निर्धारित केंद्रों पर अधिकारियों को ऑब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया गया है।

पिकअप-ऑटो की भिड़ंत में 3 महिलाओं की हुई थी मौत

पटना अस्पताल में घायलों से मिले कलेक्टर-एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



घायलों से मिले कलेक्टर-एसपी।

कोरिया जिले के पटना थाना क्षेत्र के ग्राम सांवारावां के पास शुक्रवार को देर रात पिकअप और ऑटो के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में तीन महिलाओं की मौत एवं छह महिलाएं घायल मामले में 3 अक्टूबर को कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव और पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना पहुंचकर अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की।

उन्होंने शुक्रवार को हुई सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों से उनके स्वास्थ्य और उपचार की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती यादव ने मरीजों से अस्पताल में समय पर भोजन मिलने, जांच और उपचार की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकीय अमले को निर्देश दिए कि मरीजों की जांच और उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मरीजों को आवश्यक उपचार एवं दवाइयां समय पर उपलब्ध कराने तथा उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की भी जानकारी ली और निर्देशित किया कि रात के समय अस्पताल में चिकित्सक एवं आवश्यक स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध रहें, ताकि आपात ⏭शेष पेज 2 पर

क्षमता से अधिक यात्रियों को वाहन में न बैठाएं

पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने वाहन मालिकों एवं चालकों से कहा कि किसी भी स्थिति में वाहन में क्षमता से अधिक यात्रियों को न बैठाएं। तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने से बचें, क्योंकि ऐसी लापरवाही सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। उन्होंने यातायात पुलिस अधिकारियों को यातायात नियमों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही नाबालिग बच्चों को वाहन न देने तथा शराब अथवा अन्य किसी प्रकार के नशे का सेवन कर वाहन नहीं चलाने की अपील की।

कोरिया कॉलरी में बेखौफ अवैध महुआ शराब का कारोबार

कोरिया कॉलरी। क्षेत्र में अवैध महुआ शराब का कारोबार कथित रूप से खुलेआम फल-फूल रहा है। कहीं कच्ची शराब तैयार किए जाने की बात सामने आ रही है तो कहीं आसपास के ग्रामीण इलाकों से शराब लाकर खपाने के आरोप हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब की आसान उपलब्धता ने इस अवैध कारोबार को बढ़ावा दिया है और इसका असर अब युवा पीढ़ी पर भी दिखाई देने लगा है। लोगों के मुताबिक, आबकारी विभाग और पुलिस की प्रभावी कार्रवाई के अभाव में कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। जानकारी के अनुसार कोरिया कॉलरी क्षेत्र में कच्ची महुआ शराब तैयार किए जाने के साथ-साथ मांग अधिक होने पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी शराब मंगाकर खपाई जा रही है।



कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचे कृषि मंत्री नेताम

बैकुण्ठपुर। छत्तीसगढ़ शासन के कृषि, पशुपालन, मत्स्य, अनुसूचित जाति एवं जनजाति मंत्री तथा कोरिया जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने बैकुंठपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का दौरा कर वहां संचालित अनुसंधान एवं कृषि संबंधी गतिविधियों का जायजा लिया।

मंत्री श्री नेताम ने कृषि विज्ञान केंद्र में विकसित की जा रही उन्नत किस्म की हल्दी की नर्सरी का अवलोकन किया। उन्होंने हल्दी की रोपाई की विधि, पौधों की देखभाल तथा खाद और पानी के प्रबंधन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर किसानों को बेहतर उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। ⏭शेष पेज 2 पर



जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज शिक्षा विभाग जिला एमसीबी द्वारा जिला स्तरीय भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी की अगुवाई में आयोजित इस गरिमामय समारोह में जिले भर से आए विद्यार्थियों ने चित्रकला पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा और वैचारिक स्पष्टता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए।

MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में बिलासपुर का पूर्ण न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी सेंटर

मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों से जुड़ी बीमारियों की सम्पूर्ण देखभाल

ब्रेन संबंधी रोग
• सिरदर्द एवं माइग्रेन • लकवा (स्ट्रोक) एवं ब्रेन हैमरेज • ब्रेन ट्यूमर • मिर्गी (एपिलेप्सी)
• पार्किंसन रोग • अल्जाइमर एवं याददाश्त की कमी • सिर की चोट या ट्रॉमा के लिए सर्जरी

नसों एवं मांसपेशियों से जुड़ी समस्याएँ
• नसों की कमजोरी • झनझनाहट एवं सुन्नपन • नस दबने की समस्या
• हाथ-पैरों में कंपन (Tremors) • चेहरे की नस का दर्द (ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया)

स्पाइन एवं कमर संबंधी समस्याएँ:
• कमर एवं गर्दन का दर्द • सायटिका (Sciatica) • स्पॉन्डिलाइटिस • स्पाईन सर्जरी
• डिस्क स्लिप • स्पाइनल कॉर्ड की बीमारियाँ • ब्रेन एवं स्पाइन की चोटों का उपचार

आधुनिक सुविधाएँ:
• अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट एवं न्यूरोसर्जन • सटीक जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श
• पूरी तरह सुसज्जित आईसीयू एवं ऑपरेशन थियेटर • मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों के रोगों की सम्पूर्ण देखभाल • EEG • EMG • NCV जाँच की सुविधा

ESI इंश्योरेंस द्वारा इलाज सम्भव

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No:
07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS



खबर संक्षेप



कोटडीह में सेवा संकल्प शिविर, ग्रामीणों को मिला शासकीय सेवाओं का लाभ

राजपुर। ग्राम पंचायत कोटडीह में सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार, जन समस्या निवारण एवं योजना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद चिंतामणि महाराज, जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत एवं उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल ऋण पुस्तिका एवं आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न शासकीय दस्तावेजों का वितरण किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी। 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर शिविर में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने बुजुर्गों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उदय यादव, अनिल तिवारी, संजय दुबे, प्रतीक जायसवाल, नरेन्द्र कंवर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेवा सेतु कार्यक्रम में सुनी गई लोगों की समस्याएं



प्रतापपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत प्रतापपुर में 30 सितंबर को सेवा सेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ना तथा उनकी समस्याओं के निराकरण में सहयोग प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्ध सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को संबंधित योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और दस्तावेजों के संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके निराकरण के लिए आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही।

खड़गवांकला में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य शिविर, 282 मरीज हुए लाभान्वित



प्रतापपुर। सेवा सुशासन, गरीब कल्याण तथा राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत खड़गवां कला में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित शिविर में 282 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। शिविर में अभियान के विभिन्न थीम के तहत ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की एएनसी एवं स्वास्थ्य जांच तथा एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। अब तक आयुष्मान योजना से छूटे ग्रामीणों का आयुष्मान वय वंदना पंजीयन किया गया। टीबी के संभावित मरीजों की जिले से पहुंची टीम द्वारा हैंडहेल्ड मशीन के माध्यम से एक्स-रे जांच की गई। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। साथ ही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के स्टॉल के माध्यम से कम कीमत पर उपलब्ध दवाइयों के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। शिविर का आयोजन कलेक्टर रैना जमील के निर्देश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन तथा बीएमओ डॉ. अजीत दीवान के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का प्रबंधन बीपीएम सतीश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। स्वास्थ्य जांच में डॉ. प्रीतिलता सिंह, राधेश्याम राजवाड़े, सज्जू राम, दामिनी, प्रेम कुमार एवं रामेश्वरी सहित सीएचओ सोनी चक्रधारी, परमानिया एवं नादो ने सेवाएं दीं। आयुष्मान पंजीयन का कार्य गुलाब एवं मोहित द्वारा किया गया। ग्रामीणों को शिविर तक पहुंचाने में ब्लॉक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम पार्वती राजवाड़े, एमटी तारामनी सहित स्थानीय मितानिनों की भूमिका रही। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलने से लोगों में उत्साह देखा गया।

बाइक सहित कुंए में गिरा युवक, मौत

अम्बिकापुर। बुधवार रात सूरजपुर से सटे ग्राम पर्री में एक युवक बाइक सहित कुएं में गिर गया। युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम रमकोला निवासी प्रदीप कुमार के रूप में की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुबह युवक एवं बाइक को कुंए से बाहर निकलवाया एवं शव को पीएम के लिए मंगवाया। बताया जा रहा है कि मृतक के विरूद्ध किसी मामले में न्यायालय ने स्थाई वारंट जारी किया है जिसके कारण गिरफ्तारी से बचने वह लगातार अपने ठिकाने को बदल रहा था। बुधवार की रात युवक कहीं जा रहा था। इस दौरान अनियंत्रित होकर बाइक सहित कुएं में गिर गया। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

विधायक निधि से निर्मित भवन एवं अतिरिक्त शेड का लोकार्पण

रजवार समाज की प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



रजवार समाज क्षेत्र समिति बैकुंठपुर जिला कोरिया द्वारा मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा 10वीं के 11 एवं कक्षा 12वीं के 11 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों को प्रोत्साहित किया गया। खेल एवं योग प्रतिभाओं का भी सम्मान इस दौरान विधायक मद से निर्मित शेड (लगभग 20लाख)का लोकार्पण किया गया खेल एवं योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सरिता राजवाड़े एवं वंदना राजवाड़े को रिदमिक योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा काव्या राजवाड़े को राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रत्येक विद्यार्थी को 10 हजार रू. प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। साथ ही समाज के विद्यार्थियों के नीट परीक्षा में सफल होने पर 50 हजार रू. की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने रजवार समाज द्वारा शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चे शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में निरंतर बेहतर प्रदर्शन करते हुए समाज और जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रजवार समाज जिला कोरिया के अध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए नई पीढ़ी को शिक्षा के साथ संस्कार एवं सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं एवं समाज के सभी लोगों से नशामुक्त समाज के निर्माण, शिक्षा को प्राथमिकता देने तथा सामाजिक एकता एवं आपसी भाईचारे को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा एवं प्रगति के साथ अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों का संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी है। नई पीढ़ी अपनी गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं से जुड़कर मिल-जुलकर समाज को निरंतर आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि शिक्षित, संस्कारित, नशामुक्त और एकजुट समाज ही मजबूत एवं प्रगतिशील समाज की आधारशिला है। इस अवसर पर श्रीमती गीता राजवाड़े जिला पंचायत सदस्य के सौजन्य से 10 किलोवाट क्षमता का जनरेटर समाज को समर्पित किया गया। कार्यक्रम में रजवार समाज के प्रदेश अध्यक्ष लखन राजवाड़े, जिला अध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, सभापति एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े सहित सरगुजा एवं सूरजपुर जिले के जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र अध्यक्ष रामप्रसाद राजवाड़े ने की। आयोजन में एमसीबी जिला के जिला अध्यक्ष की भी उपस्थिति रही, क्षेत्र के विभिन्न समाज के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से क्षत्रिय राजपूत समाज से राजेन्द्र सिंह, सोनी समाज से राजेंद्र सोनी, जायसवाल समाज से प्रकाश जायसवाल, पनिका समाज से सत्यनारायण गोयन, कंवर समाज से मनियार सिंह, साहू समाज से ईश्वर साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र समिति बैकुंठपुर के नेतलाल राजवाड़े, उमाशंकर राजवाड़े, रूप नारायण राजवाड़े, तुलाराम राजवाड़े, बाबूलाल राजवाड़े, बाजबहादुर राजवाड़े, राजेश राजवाड़े, सुरेंद्र राजवाड़े सहित समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

युवाओं की ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में लगाएं



मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जन सेवा से राष्ट्र सेवा के 25 वर्ष की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित वडनगर वाराणसी सेवा यात्रा की 25वीं वर्षगांठ बाइक यात्रा का एमसीबी जिले में भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। वडनगर से वाराणसी, वाराणसी से वडनगर के संदेश और सेवा संकल्प कलश के साथ निकली बाइक रैली ने जिले में पहुंचकर सेवा, सहभागिता और विकसित भारत के संकल्प का संदेश दिया। वडनगर से पहुंची बाइक रैली का नगर पंचायत खोंगापानी के घुटरीटोला में जिले के प्रभारी एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, नगर पंचायत नई लेदरी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राणा, सरजू यादव, राहुल टिकरिया, अंकुश सिंह, अंकित शर्मा, शानू कश्यप सहित जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों और जनसेवा से राष्ट्रसेवा तक की यात्रा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। घुटरीटोला में स्वागत के पश्चात बाइक रैली को उत्साहपूर्ण वातावरण में श्याम हेरिटेज, मनेन्द्रगढ़ तक लाया गया। रैली में शामिल बाइकर्स ने सेवा, समर्पण और विकसित भारत के संकल्प का संदेश देते हुए यात्रा पूरी की। मार्ग में नागरिकों ने भी बाइक रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। यात्रा का उद्देश्य जनसेवा के 25 वर्षों की प्रेरक यात्रा को जनभागीदारी से जोड़ते हुए विकसित भारत के निर्माण में नागरिकों की भूमिका को रेखांकित करना है। प्रभारी एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि वडनगर से वाराणसी और वाराणसी से वडनगर की 25वीं वर्षगांठ की बाइक यात्रा सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण का संदेश लेकर एमसीबी पहुंची है। जिले की जनता द्वारा यात्रा का आत्मीय स्वागत गौरव का विषय है। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। विकसित भारत के निर्माण में किसान, युवा, महिला और गांवों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

स्वच्छता ही सेवा के तहत नपं शिवनंदनपुर बिश्रामपुर में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर आज शुक्रवार को नगर पंचायत

- डीएवी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए रन फॉर डीएवी मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन

बिश्रामपुर व डीएवी स्कूल बिश्रामपुर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए,नगर पंचायत बिश्रामपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अभियान अंतर्गत नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 स्थित छठ घाट परिसर, गौरीशंकर मंदिर परिसर एवं गायत्री मंदिर परिसर में साफ-सफाई की गई,निकाय के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने एकजुट होकर झाड़ू लगाया और श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।सफाई कार्य के साथ-साथ उपस्थित जनों एवं वार्डवासियों को अपने घर तथा आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं डीएवी स्कूल में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया। प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती के मार्गदर्शन में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए रन फॉर डीएवी मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रन फॉर डीएवी प्रतियोगिता में विद्यालय के 390 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य द्वारा क्रीड़ाध्वज दिखाकर रन फॉर डीएवी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारी एलआर साहू, शिक्षक पीके वैद्य एवं चित्रावती मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यालय प्राचार्या, स्वयंसेवकों, अध्यापक अध्यापिकाओं एवं कार्यालय स्टाफ द्वारा विद्यालय के मुख्य द्वार एवं बाहरी क्षेत्र का स्वच्छता कार्य कर स्वच्छता अपनाने एवं साफ़-सफाई के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती जी ने कहा कि गांधीजी व शास्त्रीजी का महान एवं प्रेरक व्यक्तित्व हम सभी के लिए सतत प्रेरणादायी रहा है। निःस्वार्थ सेवा भावना और अहिंसात्मक कार्यशैली, कार्य के प्रति पूर्ण समर्पण उनके प्रमुख सिद्धांत रहे। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलों में बच्चों की भागीदारी अवश्य होनी चाहिए। स्वस्थ जीवन बनाए रखने के लिए सभी को शारीरिक गतिविधियों में अवश्य हिस्सा लेना चाहिए।



अभियान में शामिल शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी।

चरचा कॉलरी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कार, नैतिक मूल्यों, अध्यात्म और देश की गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराने का प्रयास किया गया। चरचा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित इस परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में केवल किताबी ज्ञान बढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से जोड़ना भी है। परीक्षा के माध्यम से बच्चों और युवाओं को देश के महापुरुषों के जीवन, भारतीय इतिहास, संस्कृति, अध्यात्म, सदाचार, नैतिकता तथा राष्ट्रप्रेम जैसे विषयों की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान का आधार केवल परंपराओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें श्रेष्ठ विचार, श्रेष्ठ आचरण, अनुशासन, सेवा, त्याग, सद्भाव और चरित्र निर्माण जैसे जीवन मूल्यों का भी महत्वपूर्ण स्थान है।

वर्तमान समय में तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश के बीच नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने में इस प्रकार की परीक्षाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। परीक्षा का आयोजन हिंद विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा, सरस्वती शिशु मंदिर चरचा, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल चरचा, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिशनपुर तथा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नगर में कराया गया। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लेकर भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जुड़े विषयों के प्रति अपनी रुचि दिखाई। आयोजकों ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा विद्यार्थियों के अंदर अपनी गौरवशाली विरासत के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार, अनुशासित और संस्कारवान नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। परीक्षा के माध्यम से बच्चों में भारतीय संस्कृति, राष्ट्रप्रेम और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

एक साल से बीपीएम का पद खाली, डीपीएम का प्रभार भी एक ही अधिकारी के पास

रामानुजनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर में स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यहां ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर का पद पिछले करीब एक साल से खाली है। संबंधित बीपीएम को जिला सूरजपुर के जिला प्रोग्राम मैनेजर का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के बाद से ब्लॉक स्तर पर एनआरएचएम की व्यवस्था प्रभावित होने की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में एक ही अधिकारी के पास बीपीएम और डीपीएम दोनों का प्रभार है। ऐसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक स्तर पर होने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यों की नियमित निगरानी और संचालन प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि जब एक अधिकारी को जिला स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, तो रामानुजनगर के बीपीएम पद पर लंबे समय से नियमित व्यवस्था क्यों नहीं की गई। एक साल से पद रिक्त रहने के कारण स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन, रिपोर्टिंग और विभागीय समन्वय पर इसका असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

पृष्ठ 1 का शेष

पटना अस्पताल में ...

स्थिति में मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सके। दुर्घटना में घायल मरीजों से घटना के संबंध में भी जानकारी ली गई। मरीजों ने बताया कि वे वाहन में सवार थे, लेकिन अचानक हुई दुर्घटना के कारण उन्हें घटना के संबंध में पूरी जानकारी नहीं है। फिलहाल घायल मरीजों का उपचार जारी है, स्वास्थ्य पहले से बेहतर बताया गया। विदित हो कि जिले के सावांरावां के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात पिकअप वाहन ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी थी, इस हादसे में फुलकुंवर पति महेंद्र सिंह (50), रामबाई पति रामकुमार (60) और फुलकुंवर पति जगजीवन (60) की मौत हो गई थी। तीनों मृतक महिलाएं ग्राम करहीपारा छिंदिया की निवासी थीं। वहीं हादसे के समय ऑटो में करीब 15 लोग सवार थे।

कृषि विज्ञान केंद्र...

इस दौरान उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र की डेयरी इकाई का भी अवलोकन किया तथा उन्नत नस्ल की गायों, दुग्ध उत्पादन और पशुपालन से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने डेयरी शेड निर्माण एवं वहां उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी ली। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों और अनुसंधान का सीधा लाभ स्थानीय किसानों तक पहुंचे, इसके लिए अधिकारियों को किसानों की जरूरत के अनुरूप तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास सहित कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

एनजीओ प्रकोष्ठ की प्रथम परिचयात्मक हुई बैठक



बैकुण्ठपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कोरिया में भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की नवगठित जिला कार्यकारिणी की प्रथम परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। बैठक में एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक योगेंद्र मिश्रा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों एवं जिला कार्यसमिति सदस्यों का मंच से परिचय कराया। उन्होंने राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को पूरी सक्रियता, समन्वय एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने का संकल्प व्यक्त किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बैकुंठपुर विधायक मैयालाल राजवाड़े ने कहा कि एनजीओ प्रकोष्ठ संगठन और समाज के बीच महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभाएगा। प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता सेवा का संकल्प लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा एवं जनकल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए सेवा केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यसंस्कृति है। जिला संयोजक योगेंद्र मिश्रा ने कहा कि जिला कार्यकारिणी का प्रत्येक पदाधिकारी सेवा और संगठन के भाव से अपने दायित्व का निर्वहन करेगा। राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व से प्राप्त कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करते हुए प्रकोष्ठ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर सेवा गतिविधियां संचालित करेगा।

नपा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की बैठक



बैकुण्ठपुर। आगामी बैकुंठपुर नगर पालिका चुनाव को लेकर राजीव भवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। चुनावी तैयारी को लेकर प्रदेश प्रभारियों का आगमन हुआ इसमें बैकुंठपुर नगर पालिका चुनाव के प्रदेश प्रभारी एवं अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह तथा शिवपुर-चरचा नगर पालिका चुनाव के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री प्रशांत मिश्रा उपस्थित रहे। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सहित जिला कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारी एवं कांग्रेस संगठन के समस्त अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्तागण मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी नगर पालिका चुनाव की तैयारियों की समीक्षा, संगठन को चुनाव के लिए सक्रिय करना तथा चुनाव में दावेदारी कर रहे इच्छुक प्रत्याशियों से औपचारिक चर्चा करना रहा। प्रदेश प्रभारियों ने दावेदारों से उनके क्षेत्र की स्थिति, चुनावी तैयारियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली तथा चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी एवं विधायक अकलतरा राघवेंद्र सिंह, प्रभारी प्रशांत मिश्रा प्रदेश महामंत्री, जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, आशीष यादव लल्ला, शैलेन्द्र सिंह, अजय सिंह, गणेश राजवाड़े, शंकर सुमन मिश्रा, रामकृष्ण साहू, कृष्ण कुमार राजवाड़े सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

वृद्धाश्रम में भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ ने किया सेवा कार्य



बैकुण्ठपुर। भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ जिला कोरिया द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बैकुंठपुर स्थित वृद्धाश्रम में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला संयोजक योगेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने वृद्धजनों का सम्मान किया, फल वितरित किए तथा ठंड को देखते हुए कंबल प्रदान किए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समाज के बुजुर्गों की सेवा और उनका सम्मान हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। प्रकोष्ठ आगे भी ऐसे जनसेवा के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। जिला संयोजक योगेंद्र मिश्रा ने कहा कि वृद्धाश्रम में यह आयोजन हमारे बुजुर्गों के प्रति सम्मान और आत्मीयता व्यक्त करने का एक छोटा सा प्रयास है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संगठन प्रभारी रविशंकर शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष शिवहरे, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, सह प्रभारी रूपचंद गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमलेश शर्मा, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह-संयोजक सुमन कांत तिवारी, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री जय चक्रधारी, एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला सह-संयोजक राजकुमार यादव, नितिन जायसवाल सहित प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



हनुमान अंश के बाद टीवी पर आएगी नीम करोरी बाबा की कहानी

नई दिल्ली। शोभिनव सत्या स्टारर फिल्म हनुमान अंश साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सरप्राइज बनकर उभरी। डिवोशनल ड्रामा फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। नीम करोरी बाबा की जिंदगी पर बनी फिल्म ने लाखों लोगों के दिलों को छुआ। अब बड़े पर्दे के बाद छोटे परदे पर भी फैंस को नीम करोरी बाबा के चमत्कार देखने को मिलेंगे, क्योंकि अब महान संत की जिंदगी पर एक चैनल सीरियल लेकर आ रहा है। विशाल चतुर्वेदी के बाद नीम करोरी बाबा की जिंदगी, उनके कार्य और उनके चमत्कार की कहानी को विस्तार से दिखाने की जिम्मेदारी जिस चैनल ने अपने कंधे पर उठाई है, वह कोई और नहीं, बल्कि सोनी टेलीविजन है। महान संत नीम करोरी बाबा पर बन रहे सीरियल की एक छोटी सी झलक सोनी टीवी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर की है।

लाइफ Style

आशा

मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लखनऊ में मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का फिनाले आयोजित किया गया था। इसमें आशा दीपिका अट्टालुरी ने खिताब अपने नाम किया। यह खिताब जीतने के बाद वह हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचीं और वहां उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

आशा दीपिका ने कहा, 'भारत ने यूनिटी पेजेंट जीता है, जिसका मतलब है कि मैं जीती, पूरा देश जीता। अब मैं मिसेज वर्ल्ड हूं और मैं पूरे देश, पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। मुझे तेलंगाना पर बहुत गर्व है, क्योंकि मैं तेलंगाना में ही पली-बढ़ी हूं। मैं एक तेलुगु लड़की हूं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह लाल ताज वापस ला पाई।' आशा दीपिका ने आगे कहा, 'इस ताज को बनाने में छह महीने लगे, यह रूस में बना है और हाथ से बनाया गया ताज है। मैं अभी गर्व के साथ भारत और दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।' आशा दीपिका का उनके परिवार वालों और प्रशंसकों ने स्वागत किया। इससे पहले अपनी पोस्ट में आशा दीपिका ने खिताब जीतने का जश्न मनाते हुए लिखा, 'हां दुनिया, हमने इतिहास रच दिया। ताज का सपना देखने से लेकर आखिरकार उसे पहनने तक... यह पल एक खूबसूरत याद दिलाता है कि देर रात तक जागना, हर रिहर्सल, हर चुनौती और हर छोटे कदम की मेहनत रंग लाई। सपनों, मकसद, कड़ी मेहनत और अनगिनत यादों से भरा यह सफर आखिरकार इस यादगार पल तक पहुंचा है- मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026।' 38 साल की आशा एक विजनरी, उद्यमी, टेक्नोलॉजिस्ट और समाजसेवी हैं। उनका जन्म आंध्र प्रदेश में हुआ और उनकी परवरिश हैदराबाद, तेलंगाना में हुई। फिलहाल वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में रहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहरा ने ऑफिशियली अपने सरनेम से 'पिट' शब्द हटा लिया है। अब से वह 'जहरा मार्ले जोली' के नाम से जानी जाएंगी। नाम में यह बदलाव एक कैलिफोर्निया जज द्वारा अप्रूव किया गया। बताया जा रहा है कि उनके नाम में यह बदलाव बिना किसी आपत्ति के हुआ है। जहरा ने 9 जून को अपने नाम से 'पिट' हटाने की मांग की थी। इसी बीच, उनके बड़े भाई मैडॉक्स ने भी ऐसी ही याचिका दायर की थी। जहरा ने पहले ही पब्लिकली 'जहरा मार्ले जोली' नाम का इस्तेमाल किया था। मई में, अटलांटा में स्पेलमैन कॉलेज से ग्रैजुएशन सेरिमनी में उनका नाम 'पिट' के बिना घोषित किया गया था। इसी तरह, उन्होंने नवंबर 2023 में अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी में शामिल होने के दौरान भी इसी नाम से अपना परिचय दिया था।



एवेंजर्स एंडगेम एनकोर का बॉक्स ऑफिस पर चला सिक्का

नई दिल्ली। 4600 करोड़ बजट और 23 सुपरहीरो वाली एवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है। उससे पहले 38 सुपरहीरो वाली मूवी एवेंजर्स एंडगेम को एवेंजर्स एंडगेम एनकोर नाम से रीरिलीज किया गया है। इसका सिक्का इंडियन बॉक्स ऑफिस पर चल गया है। 4600 करोड़ और 23 सुपरहीरो की फिल्म एवेंजर्स डूम्सडे से पहले मार्वल स्टूडियोज की रिकॉर्ड तोड़ फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' का स्पेशल वर्जन एवेंजर्स एंडगेम एनकोर रिलीज किया गया है। सैकनिल्क के लाइव आंकड़ों के मुताबिक, सातवें दिन फिल्म भारत में 443 शो पर चल रही है और दिन का नेट कलेक्शन अभी तक 0.18 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। इससे फिल्म का कुल इंडिया नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 29.53 करोड़ रुपए और इंडिया ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.28 करोड़ रुपए पहुंच गया है। बता दें कि एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में 38 सुपरहीरो हैं। 25 सितंबर को रिलीज हुई इस एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में दिसंबर में आने वाली एवेंजर्स डूम्सडे की एक्सक्लूसिव झलक भी शामिल है।



रूपा का पोस्टर जारी, रोमांटिक अंदाज में दिखीं कोमल

मुंबई। अभिनेता गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार आगामी फिल्म 'रूपा' में साथ नजर आएंगे। फिल्म से इतर दोनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। एक-दूसरे के साथ इनका नाम जोड़ा जा रहा है और डेटिंग की रूमर्स चल रही हैं। इस बीच इनकी आगामी फिल्म का पोस्टर सामने आया है। दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार की फिल्म 'रूपा' का पोस्टर जारी किया गया है। कोमल रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म की झलक शेयर की है। इसमें गोविंदा और कोमल एक-दूजे की बाहों में खोए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ कोमल ने कैप्शन लिखा है, 'रूपा'। इस फिल्म को लिखा गोविंदा ने, साथ ही निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। लीड रोल में वे और कोमल हैं। इसके अलावा कोमल रानी ने एक और फोटो भी साझा की है। इसमें वे और गोविंदा रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं।



ऑपरेशन गंगा में मोहनलाल के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल अब साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। मोहनलाल अभिनीत फिल्म फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का निर्देशन विष्णु मोहन ने किया है। फिल्म में मोहनलाल के अलावा बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल, आदिल हुसैन और भाग्यश्री भोरसे नजर आएंगी। अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। अर्जुन रामपाल ने हाल ही में मोहनलाल के साथ अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके बाद फैंस की ओर से काफी मजेदार रिएक्शन सामने आए हैं। अर्जुन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में दोनों कलाकार काफी खुश नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने कैप्शन में लिखा कि मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है। उन्होंने मोहनलाल को बेहद प्रतिभाशाली और प्रेरणादायक कलाकार बताया। अर्जुन ने यह भी बताया कि दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए जॉर्जिया के त्बिलिसी में हैं।

टीवी मसाला



तेज प्रताप की गोद में बैठकर सारा ने किया डांस

नई दिल्ली। 'राइज एंड फॉल 2' इस वक्त चर्चा में है। वजह है शो में होने वाली लड़ाई और ड्रामा। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें सारा गुरपाल ने तेजू भैया की गोद में बैठकर डांस किया। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। शो में पेंटहाउस और बेसमेंट के खिलाड़ियों के बीच तगड़ा मुकाबला चल रहा है। टास्क के बाद हुई बहस में इस हफ्ते के अल्टीमेट रूलर बने तेज प्रताप यादव का गुस्सा भी देखने को मिला। जहां उन्होंने मनीष कश्यप को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। तनातनी के बीच शो का एक नया और मजेदार प्रोमो सामने आया है। जब तेज प्रताप यादव के सामने बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स ने परफॉर्मेंस दी, तो माहौल एकदम मजेदार हो गया. शो के नए मोड़ के तहत बेसमेंट में रह रहे वर्कर्स को पेंटहाउस में प्रमोट होने के लिए ऑडिशन देना था। जहां उन्हें अल्टीमेट रूलर तेज प्रताप यादव के सामने परफॉर्म करना था। अनाउंसमेंट हुई कि तेज प्रताप को जिसका परफॉर्मेंस सबसे ज्यादा पसंद आएगा, उसे ही पेंटहाउस में जाने का मौका मिलेगा। इस दौरान सारा गुरपाल ने डांस करते करते कुछ ऐसा कर दिया कि स्वरा भास्कर हैरान रह गईं। ऑडिशन के दौरान पंजाबी एक्ट्रेस और सिंगर सारा गुरपाल ने बॉलीवुड गाने पर धमाकेदार डांस करना शुरू कर दिया। हालांकि, डांस करते-करते सारा अचानक तेज प्रताप यादव की गोद में बैठ गईं। और उनके लिए रोमांटिक अंदाज में परफॉर्म करने लगीं। डांस के दौरान सारा ने मुस्कुराते हुए तेज प्रताप को 'क्यूटी' भी कहा।

बिग बी की 'मृत्युदाता' को कंटेस्टेंट ने बताया बोर

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में बिग बी को काफी पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं, इस शो के दौरान बिग बी कंटेस्टेंट्स से और खुद अपनी पर्सनल लाइफ के किस्से भी शेयर करते हैं। अब हाल ही में एक ऐसा कंटेस्टेंट आया जिसने बिग बी के सामने बोल दिया कि वह उनकी फिल्म मृत्युदाता को देखकर सो गए थे। दरअसल, एक कंटेस्टेंट आईं जयपुर से जिसका नाम है अलमस खान। वह बिग बी से अपने बचपन की यादें शेयर करते हैं। वह बताती हैं कि वह बड़ी मूवी ब्लफ हूं और फिर उन्होंने बिग बी की 1997 की फिल्म मृत्युदाता से जुड़ा एक किस्सा बताया। अलमस ने कहा कि वह उस समय यंग थीं और कजिन के साथ मूवी देखने गई थीं। हालांकि, फिर अलमस बताती हैं कि वह फिल्म देखकर सो गई थीं। अलमस ने बिग बी से कहा, 'फिल्म तो मेरे समझ आई नहीं इतना। लेकिन, जगह इतनी खूबसूरत थी और ए सी लगा था कि मैं सो गई।



एशियन एकेडमी अवॉर्ड्स में 'सूबेदार' का जलवा

अनिल को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में मिला नॉमिनेशन

मुंबई। अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'सूबेदार' इसी साल मार्च में रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में जलवा देखने को मिला है। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च, 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब इस फिल्म ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में भारत के लिए बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता। सिर्फ इतना ही नहीं, फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता अनिल कपूर को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया है। बता दें कि एक्शन-ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर ने रिटायर्ड सैनिक 'सूबेदार' अर्जुन मौर्य का किरदार निभाया था। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड्स की ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट की एक तस्वीर शेयर की और इसे अपने करियर का एक खास पल बताया। पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, 'मेरी जर्नी का एक बहुत खास पल। 'सुबेदार' के लिए एशियन



एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल के लिए नॉमिनेट होना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे खुशी हो रही है। पूरी टीम और फिल्म को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का आभारी हूं।' इसके साथ ही पोस्ट में अभिनेता ने डायरेक्टर को बधाई देते हुए लिखा, 'सुरेश यह मेरे लिए और भी अधिक मायने रखता है, क्योंकि हमने इसे बनाते समय एक साथ सफर तय किया है।'

लिटिल थॉमस का ट्रेलर रिलीज, हास्य से भरपूर ड्रामा की दिखी झलक

मुंबई। रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के बैकग्राउंड पर आधारित एक वार्म, फनी और नॉस्टैल्जिक कहानी है। यह फिल्म 90 के दशक के गोवा की बैकग्राउंड पर बनी एक पारिवारिक और हास्य से भरपूर ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सात साल के बच्चे थॉमस (हृदांश पारेख) की एक मासूम इच्छा दिखाई गई है, जो एक छोटा भाई पाना चाहता है। इस चक्कर में वह अपने माता-पिता (रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया) को करीब लाने के लिए अजीब और मजेदार हरकतें करता है, जिससे घर में हास्यप्रद स्थितियां पैदा होती हैं। फिल्म का निर्देशन कौशल ओझा ने किया है और इसे अनुराग कश्यप द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म का पहला गाना 'दो गुना जिंदगी' पहले ही रिलीज किया जा चुका है जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है'



उन्होंने कहा, 'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है, क्योंकि उनका माहौल बहुत शोर-शराबे वाला होता है। बच्चे धूल-मिट्टी में रहते हैं और उनमें से कई को प्रोफेशनल होने का मतलब समझ नहीं आता, इसलिए यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैंने छोटे बच्चों के साथ भी काम किया है। उनके मिजाज के हिसाब से हमें एडजस्ट करना पड़ता है। कई बार आप पूरी तरह तैयार होते हैं, शॉट रेडी होता है और आप जल्दी से काम खत्म करना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए इंतजार करना पड़ता है।'

दुनियाभर में 6 भाषाओं में दिखाई जाएगी फिल्म

ऑस्कर में भेजी गई गोंधल की 6 शहरों में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। अब फिल्म की 6 शहरों में स्क्रीनिंग का ऐलान हुआ है, जिसके बाद इसे 6 भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। मराठी साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'गोंधल' को 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। अब फिल्म के मेकर्स ने इसके एक्सक्लूसिव प्रीव्यू स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। फिल्म की स्क्रीनिंग 9 अक्टूबर से छह शहरों में होगी। इसके बाद फिल्म को दुनियाभर में छह भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

संतोष दावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल' की प्रीव्यू स्क्रीनिंग मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में होगी। 9 अक्टूबर से मुंबई और पुणे के चार-चार थिएटर्स में स्क्रीनिंग शुरू होगी, जिसके बाद बाकी शहरों में भी फिल्म दिखाई जाएगी। इन प्रीव्यू स्क्रीनिंग



में फिल्म को मराठी और हिंदी भाषा में दिखाया जाएगा। ऑस्कर में भेजी गई फिल्म गोंधल को 6 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. प्रीव्यू के बाद फिल्म भारत और विदेशों में मराठी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी. हालांकि, फिल्म की दुनियाभर में रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

दर्शकों को गोंधल से दोबारा जोड़ने का मौका

निर्देशक संतोष दावखर ने कहा कि उनके लिए ये प्रीव्यू सिर्फ फिल्म की शुरुआती स्क्रीनिंग नहीं हैं, बल्कि दर्शकों को 'गोंधल'से दोबारा जोड़ने का मौका हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म महाराष्ट्र की सांस्कृतिक मिट्टी से निकली कहानी है और इसकी आवाज, माहौल और विजुअल दुनिया को थिएटर में सामूहिक रूप से अनुभव करना जरूरी है। भारत की ओर से ऑस्कर में प्रतिनिधित्व करने के बाद दर्शकों के सामने फिल्म लाना उनके लिए खास मायने रखता है।

क्या है गोंधल की कहानी?

फिल्म की कहानी महाराष्ट्र की ग्रामीण संस्कृति में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान की पर आधारित है। इस रस्म में संगीत, नृत्य और पौराणिक कथाओं का खास महत्व होता है। फिल्म की कहानी एक नवविवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। आधिकारिक कहानी के मुताबिक, फिल्म में सुमन नाम की एक नई-नई शादी हुई दुल्हन की कहानी दिखाई गई है, जो घुटन भरी जिंदगी से परेशान है। वह गोंधल अनुष्ठान को लेकर अपने प्रेमी सरजेराव के जुनून का फायदा उठाती है और इस पवित्र परंपरा को एक खतरनाक खेल में बदल देती है। फिल्म में इशिता देशमुख, किशोर कदम और योगेश सोहोनी अहम भूमिकाओं में हैं।

खबर संक्षेप

स्वास्थ्य मंत्री और कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



मनेन्द्रगढ़। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला एमसीबी के मैदानी कार्यों को और अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाने के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से नवीन महिंद्रा पिकअप वाहन उपलब्ध कराया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कलेक्टर संतन देवी जांगड़े एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को विभागीय कार्यों के लिए रवाना किया। नवीन वाहन का उपयोग जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित पेयजल योजनाओं के निरीक्षण, संचालन एवं रखरखाव के साथ आवश्यक विभागीय सामग्री के परिवहन में किया जाएगा। वाहन उपलब्ध होने से विभागीय अमले को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी और पेयजल योजनाओं से संबंधित मैदानी कार्यों को समयबद्ध तरीके से संपादित करने में सहायता मिलेगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित पेयजल योजनाओं की नियमित निगरानी, संचालन एवं रखरखाव किया जाता है।

खेल प्रतियोगिता में घुघरा स्कूल का रहा दबदबा



सोनहत। जीपीएम एकलव्य विद्यालय डोंगरिया में त्रि-दिवसीय खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। एकल और समूह खेलों में बच्चों ने पूरे जोर-शोर से भाग लेते हुए प्रतिद्वंद्वियों को मात दी । विभिन्न खेलों में कबड्डी खो-खो, फुटबॉल, दौड़ एवं एथलेटिक्स खेलों में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 21 स्वर्ण पदक, 16 रजत पदक, और 5 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और जिले का परचम लहराया। विद्यालय की प्राचार्य व्ही के सिंह द्वारा शारीरिक शिक्षक अजय कुमार एवं शारीरिक शिक्षिका शकुंतला राजवाड़े को उनकी मेहनत और मार्गदर्शन की प्रशंसा की और धन्यवाद दिया साथ ही छात्र-छात्राओं को भी धन्यवाद व्यापित करते हुए आगे और राज्य स्तर पर अच्छा करने का आशीर्वाद देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया, और छात्र-छात्राओं को हर सुविधा उपलब्ध कराने एवं समय पर अभ्यास करने का भी निर्देश दिया।

गांधी जयंती पर काम मांगो अभियान की शुरूआत



बैकुण्ठपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कोरिया के जिला अध्यक्ष गणेश राजवाड़े के नेतृत्व में जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चेरवापारा में मनरेगा के तहत काम मांगो अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गणेश राजवाड़े ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून के अनुसार यदि जनपद पंचायत 15 दिन के भीतर काम उपलब्ध नहीं कराती है, तो जॉब कार्ड धारियों को बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने का अधिकार है। इसलिए सभी पात्र हितग्राहियों के लिए फॉर्म भरना अत्यंत आवश्यक है, ताकि उनके हक की लड़ाई लड़ी जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और जॉब कार्ड धारी उपस्थित रहे।

पितृपक्ष पखवाड़ा

अब पहले जैसे दिखाई नहीं देते कौवे, मान्यता है कि श्राद्ध का भोजन यदि कौवा ग्रहण कर ले तो पितरों की तृप्ति मानी जाती है

पितृपक्ष में बढ़ी कौवों की पूछ-परख, पितरों को भोजन देने की है धार्मिक मान्यता

हरिभूमि न्यूज, बैकुण्ठपुर

भाद्रपद पूर्णिमा से शुरू होकर आश्विन अमावस्या तक चलने वाले पितृपक्ष पखवाड़े में लोग अपने पितरों का श्राद्ध और तर्पण कर रहे हैं। इस दौरान श्रद्धालु सात्विक रहकर पितरों को श्रद्धापूर्वक भोजन अर्पित करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार पितृपक्ष में पितर विभिन्न रूपों में धरती पर आते हैं। ऐसे में पितरों को अर्पित भोजन कौवे को खिलाने की परंपरा रही है। यही वजह है कि पितृपक्ष में कौवों की पूछ-परख बढ़ जाती है और लोग उन्हें भोजन कराने के लिए तलाशते नजर आते हैं। हिंदू धार्मिक मान्यताओं में कौवे को पितरों से जुड़ा माना गया है। मान्यता है कि श्राद्ध का भोजन यदि कौवा ग्रहण कर ले तो पितरों की तृप्ति मानी जाती है। इसी परंपरा के चलते लोग श्राद्ध के दौरान कौवे के लिए भोजन निकालते हैं। इसके साथ ही गाय, कुत्ते और अन्य पक्षियों को भी भोजन कराने की परंपरा है।



अब बहुत कम जगहों पर दिखाई देते हैं कौवे

आम दिनों में कौवे को भले ही लोग खास तवज्जो नहीं देते, लेकिन पितृपक्ष आते ही इसकी तलाश शुरू हो जाती है। पहले घरों की मुंडेर, आंगन और आसपास के पेड़ों पर सुबह-सुबह कौवों की कांव-कांव सुनाई देती थी, लेकिन अब शहरी क्षेत्रों में कौवे कम ही नजर आते हैं। कई जगहों पर श्राद्ध का भोजन लेकर लोग कौवे के आने का इंतजार करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहले की तुलना में कौवों की संख्या कम दिखाई देने की बात लोग बताते हैं।

कांव-कांव की आवाज भी हुई कम

कुछ वर्ष पहले तक सुबह होते ही घरों के आसपास कौवों का झुंड नजर आना आम बात थी। मुंडेर पर बैठकर कौवों की कांव-कांव सुनाई देती थी। लोक मान्यताओं में कौवे का घर की छत या मुंडेर पर आना शुभ संकेत माना जाता है। वहीं सुबह कौवे के कांव-कांव करने को मेहमान के आगमन से भी जोड़कर देखा जाता रहा है। अब शहरी क्षेत्रों में कौवों की आवाज सुनना भी पहले की अपेक्षा दुर्लभ हो गया है। कौवे के साथ गौरैया सहित कई अन्य पक्षियों की संख्या में भी कमी देखी जा रही है।

प्रकृति से छेड़छाड़ का असर

पर्यावरण में लगातार हो रहे बदलाव और प्राकृतिक आवासों में कमी का असर पक्षियों पर भी पड़ रहा है। पेड़ों की कटाई, बढ़ता शहरीकरण और भोजन-पानी के प्राकृतिक स्रोतों में कमी से पक्षियों के रहवास प्रभावित हुए हैं। मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन को लेकर भी पक्षियों पर संभावित प्रभाव की चर्चा होती रही है, हालांकि किसी एक कारण को कौवों की संख्या में कमी के लिए जिम्मेदार ठहराने के लिए स्थानीय स्तर पर वैज्ञानिक अध्ययन जरूरी है। कभी घरों की छत और आसपास आसानी से नजर आने वाले कौवे अब कई क्षेत्रों में तलाशने पर भी कम दिखाई देते हैं।

जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता

बच्चों की कल्पनाओं को आकार देने का काम किया

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

सेवा संकल्प अभियान के तहत बैकुंठपुर के मानस भवन में मेरे सपनों का भारत विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने चित्रों और अपने विचारों के माध्यम से भारत के भविष्य को लेकर अपनी कल्पनाओं और आकांक्षाओं को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी सोच और कल्पना के रंगों से मेरे सपनों का भारत की तस्वीर उकेरने का प्रयास किया है। म

ंत्री श्री नेताम ने कहा कि बच्चों की कल्पना और सोच में देश के भविष्य की झलक दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 के भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्वों का निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करे तो देश के भविष्य



को बेहतर बनाने में योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और आयोजन से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने बताया कि जिले के लगभग 550 स्कूलों में स्कूल स्तर पर मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके बाद संकुल स्तर पर प्रतियोगिता हुई और चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तरीय आयोजन में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य यह जानना है कि भारत के भविष्य को लेकर बच्चों की कल्पना और सोच क्या है। विकास की चर्चा में सामान्यतः योजनाओं, आंकड़ों और उपलब्धियों पर बात होती है, लेकिन आने वाले भारत की तस्वीर बच्चों के मन में कैसी है, इसे समझना भी महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने बताया कि विद्यार्थियों ने अलग- अलग विषयों को अपने चित्रों में स्थान दिया। किसी ने स्वच्छ भारत मिशन को चित्रित किया, तो किसी ने विकसित भारत और पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखा। कुछ बच्चों ने ऐसे भारत की कल्पना प्रस्तुत की, जहां सभी को समान अवसर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि इन चित्रों में केवल रंग नहीं, बल्कि बच्चों की सोच, आकांक्षाएं और देश के भविष्य को लेकर उनकी समझ भी दिखाई देती है। बच्चों की कल्पनाओं को अवसर और सही दिशा देकर उन्हें रचनात्मक कार्यों से जोड़ा जा सकता है। स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपने कल्पना के रंगों को विकसित भारत 2047, ग्रीन इंडिया, स्वच्छ भारत, नशा मुक्त भारत, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम उज्ज्वला योजना, सेना का शौर्य व सबको शिक्षा सहित अलग अलग विषयों में आकर्षक चित्र बनाएं थे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र श्रीवास, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े, गणमान्य नागरिक देवेंद्र तिवारी, केबी जायसवाल, पंकज गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, तीरथ राजवाड़े, शारदा गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कटगोड़ी में सेवा संकल्प अभियान शिविर



कटगोड़ी। जिले के ग्राम पंचायत कटगोड़ी में 2 अक्टूबर को 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत एक दिवसीय बहुउद्देशीय शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। शिविर में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शिव कुमारी, जनपद अध्यक्ष आशा, कटगोड़ी सरपंच पुष्पा सिंह, घुगरा सरपंच एवं नौगई सरपंच उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग के मैदानी अमले के साथ बिहान समूह की दीदियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर में सक्षम योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 40,000 रुपए की सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। वहीं सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद अध्यक्ष की उपस्थिति में तीन मत्स्य कृषकों को जाल तथा दो हितग्राहियों को आइस बॉक्स का वितरण किया गया, जिससे स्थानीय मत्स्य पालकों को आजीविका संवर्धन में सीधी मदद मिलेगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गर्भवती माताओं की गोद भराई कर उन्हें गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक व संतुलित आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं शिशुवती माताओं के नन्हें बच्चों का पारंपरिक रीति से अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने कुष्ठ मुक्त भारत का संदेश देते हुए कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता और समय पर समुचित उपचार कराने की सामूहिक शपथ ली। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता मनोज साहू, राकेश साहू, सुभाष जायसवाल, लक्ष्मी, सरिता, शिवाली सिंह सहित समस्त पार्टी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

कलेक्टर, सीईओ ने लखपति दीदियों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को नगर पंचायत पटना परिसर में शिविर आयोजित किया गया। सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार के माध्यम से विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई। शिविर में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर और जिला पंचायत सीईओ ने लखपति दीदियों से संवाद किया। उन्होंने महिलाओं से उनके कार्य, अनुभव और उद्यमिता से जुड़े प्रयासों की जानकारी ली। महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास, जिम्मेदारी, निरंतर प्रयास और कार्य के प्रति जुनून जरूरी है। शिविर में मानव सेवा की प्रेरक पहल भी सामने आई। ग्राम आजोखुर्द निवासी जिला पंचायत सदस्य राजेश साहू, ग्राम गिरजापुर निवासी संतोष सिंह तथा छिंदडांड



निवासी तरुण सिंह ने सेवा दान के तहत मरणोपरांत नेत्रदान के लिए पंजीयन फार्म भरकर संकल्प लिया। उनके इस संकल्प ने सेवा और जनभागीदारी की भावना को नई दिशा दी।

कलेक्टर श्रीमती यादव, पुलिस अधीक्षक श्री राठौर जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र श्रीवास, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजेश साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं अधिकारियों ने शिविर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं टीबी मुक्त भारत के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को एक पेड़ माँ के नाम के तहत फलदार पौधरोपण भी किया गया, साथ ही जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, उपलब्धियों की जानकारी वाले 'छत्तीसगढ़ जनमन' पत्रिका का वितरण किया गया। श्रम विभाग की योजना के तहत हितग्राहियों को 40 हजार रुपए का चेक वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्टर, एसपी तथा नगर पंचायत अध्यक्ष ने शिशुओं को अन्नप्रासन कराया। विभिन्न विभागों की ओर से पात्र हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण भी किया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के साथ सेवा, सहयोग और जनभागीदारी की भावना को बढ़ावा देना है।

खिलौना एवं वस्त्र दान अभियान का शुभारंभ

मनेन्द्रगढ़। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिला एमसीबी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों एवं परिवारों तक सहयोग पहुंचाने के उद्देश्य से खिलौना एवं वस्त्र दान अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला प्रभारी एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर दान सामग्री के संग्रहण एवं वितरण के लिए वाहन को रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य समाज के सक्षम नागरिकों को सेवा और सहयोग से जोड़ते हुए जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना तथा जरूरतमंद परिवारों को उपयोगी वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना है।





